Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

विषय : हिंदी | पुनरावृत्ति पत्रक | सत्र :2026-2027

कक्षा –छह

अपठित बोध

प्रश्न 1) निम्नलिखित गदयांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

जल संरक्षण और प्रकृति का संतुलन मानव जीवन का सबसे अमूल्य आधार है। नदियाँ और जलस्रोत केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं हैं बल्कि ये पूरी पृथ्वी की पारिस्थितिकी को जीवित रखते हैं। प्राचीन समय से ही नदियाँ मानव सभ्यता की जननी रही हैं। अधिकांश बड़े शहर और संस्कृतियाँ नदियों के किनारे ही विकसित हुई परंतु आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने इन अनमोल प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बहुत तेज़ी से शुरू कर दिया है। कारखानों का कचरा, प्लास्टिक और दूषित जल नदियों में बहाया जा रहा है जिससे न केवल पानी पीने योग्य नहीं रहा बल्कि जलीय जीवों का अस्तित्व भी संकट में पड़ गया है। यदि समय रहते जल के दुरुपयोग और प्रदूषण को नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ियों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। वर्षा के जल का संचयन करना, पौधों को लगाना और दैनिक जीवन में जल की हर एक बूँद की बर्बादी रोकना केवल सरकार की नहीं बल्कि हम सभी नागरिकों की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी है। जब तक हर व्यक्ति पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं होगा तब तक एक स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की कल्पना करना असंभव है।

1. प्राचीन समय में मानव सभ्यता का विकास मुख्य रूप से कहाँ हुआ?

(क) पहाड़ों और गुफाओं में

(ख) घने जंगलों के बीच

(ग) नदियों के किनारे

(घ) रेगिस्तानी इलाकों में

2. गद्यांश के अनुसार जलीय जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ने का मुख्य कारण क्या है?

(क) नदियों में जल का कम होना

(ख) कारखानों का कचरा, प्लास्टिक और दूषित जल नदियों में बहाना

(ग) वर्षा का समय पर न होना

(घ) अत्यधिक गर्मी पड़ना

3. भविष्य को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के लिए सबसे आवश्यक बात क्या है?

(क) केवल कड़े कानून बनाना

(ख) हर नागरिक का पर्यावरण के प्रति जागरुक होना

(ग) केवल नए कारखाने खोलना

(घ) पानी का अधिक से अधिक उपयोग करना

4. जल संरक्षण के लिए हम अपने दैनिक जीवन में कौन-कौन से उपाय कर सकते हैं?

5. गद्यांश में कहा गया है "नदियाँ केवल प्यास बुझाने का साधन नहीं हैं।" इस कथन के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि नदियों का हमारे जीवन में और क्या महत्त्व है?

व्याकरण

प्रश्न 1) निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए|

क) दधि

ख) घोटक

ग) अश्रु

घ) सूर्य

प्रश्न 2) संज्ञा शब्दों को रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए|

1) राधिका मीठा गाती है|

2) भेड़े चर रही थी |

3) पुस्तकें ज्ञान बाँटती हैं|

4) तुम्हें कार चलनी आती है ?

5) अधिक खुश होने की जरूरत नहीं|

प्रश्न 3) लिंग , वचन

निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए – मास्टर, नौकर, माली, बंदर, छिपकली

निम्नलिखित शब्दों के वचन बताइए – पंखे , कुर्सी , गद्दे , प्राण , पानी

प्रश्न 4) सर्वनाम शब्द रेखांकित कर भेद बताइए|

क) तुम अब जा सकते हो|

ख) कहाँ का पता चाहिए आपको ?

ग) शाबाश !तुमने कर दिखाया|

घ मोहन (गुस्से से )- मैंने नहीं तोड़ा गिलास |

ङ) सुख – दुख पहचानो तुम |

प्रश्न 5) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- पिता , पुत्री , पक्षी , कोयल , साँप

प्रश्न 6) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए |

जिसकी उपमा न दी जा सके -

जहाँ पहुँचा न जा सके –

जो अपने स्थान से न टले –

जिसका अंत न हो –

जो कभी बूढ़ा न हो -

प्रश्न 7) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –

गुदड़ी का लाल

गार्डन पर सवार होना

खून के आँसू रोना

गाँठ बाँधना

घड़ों पानी फिरना

प्रश्न 8) रिक्त स्थानों में उचित कारक चिह्न भरिए |

क) मीरा बाज़ार _____ वापस आ गई है |

ख) बादलों ____पानी बरसता है |

ग मैं बस ________लखनऊ जाऊँगा |

घ) मिहिर ________मिठाई लाओ |

ङ) आज मेरी बहन _____ परीक्षा परिणाम है |

प्रश्न 9) विशेषण शब्द पहचान कर भेद बताइए –

क) मेरी कमीज़ नीली थी |

ख) काले-काले बादल छाए हैं |

ग) उसका घर चार किलोमेटर की दूरी पर है |

घ) खाना अधिक था |

ङ) रंगीन लाइटें चमक रही हैं |

प्रश्न 10) विलोम शब्द लिखिए -

जड़ , नवीन , छोटा , आदर , बदतर , शुरू , अनुज , कम

## साहित्य ( मल्हार )

प्रश्न 11)

पाठ 1: मातृभूमि (कविता)

1. कवि ने कविता में अपनी मातृभूमि के लिए किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

2. कविता में 'मातृभूमि' को माँ के समान क्यों माना गया है?

3. हम अपनी मातृभूमि की रक्षा और सेवा किस प्रकार कर सकते हैं? दो उदाहरण लिखिए।

4. कविता में मातृभूमि की सुंदरता का वर्णन किया गया है उसे अपने शब्दों में लिखिए|

पाठ 2: गोल (संस्मरण)

1. मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर क्यों कहा जाता है?

2. बचपन में ध्यानचंद जी का खेल के प्रति कैसा लगाव था और उन्होंने हॉकी खेलना कैसे शुरू किया?

3. मैच के दौरान जब विपक्षी टीम का खिलाड़ी ध्यानचंद जी को चोट पहुँचा देता था तो वे क्या प्रतिक्रिया देते थे?

4. इस पाठ से आपको खेल-भावना और लगन के बारे में क्या सीख मिलती है?

पाठ 3: पहली बूँद (कविता)

1. बारिश की पहली बूँद गिरने पर धरती और प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन दिखाई देते हैं?

2. गर्मी से परेशान जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों को पहली बूँद से कैसी राहत मिलती है?

3. 'पहली बूँद' गिरने पर मिट्टी से किस तरह की खुशबू आती है और उसका माहौल पर क्या असर होता है?

4. बारिश का मौसम आपको क्यों पसंद है? तीन से चार वाक्यों में अपना अनुभव लिखिए।

पाठ 4: हार की जीत (कहानी)

1. बाबा भारती अपने घोड़े 'सुल्तान' से कितना प्रेम करते थे? उदाहरण देकर बताइए।

2. खड़क सिंह कौन था और वह बाबा भारती के पास क्यों आया था?

3. खड़क सिंह ने अपाहिज का रूप धारण करके बाबा भारती से उनका घोड़ा कैसे छीना?

4. "इस घटना का ज़िक्र किसी से मत करना" — बाबा भारती ने ऐसा क्यों कहा और इस बात का खड़क सिंह पर क्या प्रभाव पड़ा?

पाठ 5: रहीम के दोहे (दोहे)

1. रहीम जी के अनुसार सच्चे मित्र की क्या पहचान होती है?

2. "रहिमन धागा प्रेम का..." दोहे के माध्यम से रहीम जी क्या संदेश देना चाहते हैं?

3. मीठी बोली बोलने से दूसरों पर और स्वयं पर क्या प्रभाव पड़ता है?

4. अपने पाठ से रहीम जी का कोई एक दोहा लिखिए और उसका मुख्य भाव अपने शब्दों में बताइए।

पाठ 6: मेरी माँ (आत्मकथा )

1. लेखक अपनी माँ को अपने जीवन का सबसे बड़ा प्रेरक क्यों मानते हैं?

2. लेखक की माँ ने उनके चरित्र और विचारों को ढालने में क्या भूमिका निभाई?

3. कठिन परिस्थितियों में भी माँ का व्यवहार लेखक के प्रति कैसा रहता था?

4. अपनी माँ के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के लिए आप कौन-कौन से काम करते हैं? संक्षेप में लिखिए।

पाठ 7:जलाते चलो (कविता)

1. कविता में कवि क्या जलाते रहने के लिए कह रहे हैं?

2. 'नेह' या 'स्नेह' शब्द का क्या अर्थ होता है?

3. दिये जलाने से क्या दूर हो जाता है — उजाला या अँधेरा ?

4. यह कविता हमें आपस में मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा देती है या झगड़ा करने की?

## रचनात्मक लेखन

‘प्रश्न 12) ‘प्रदूषण हटाओ’ विषय पर लगभग 20 से 30 शब्दों में नारा लिखिए|

प्रश्न 13) मित्र के दादा जी के निधन पर उसे सांत्वना संदेश लिखिए |

प्रश्न 14) छोटे भाई को समय का महत्त्व समझाते हुए सब काम सही समय पर करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए|

प्रश्न 15) ‘भारतीय सेना’ विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए|

प्रश्न 16) दो छात्रों के बीच मैच जीत जाने पर हुई बातचीत को लगभग 70 से 80 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए|